पंजाब केसरी

स्कूल में नकली शराब की चल रही थी फैक्ट्री, BARCODE स्कैन करने पर हुआ खुलासा

कोसली (महेंद्र भारती): स्कूल को विद्या का मंदिर कहा जाता है, स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ ये भी सिखाया जाता है कि कैसे दुनिया में हो रहे गलत काम को रोका जाए। लेकिन हरियाणा से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसे सुनकर एक पल के लिए हर कोई हैरान हो जाएगा। हरियाणा के रेवाड़ी जिला के कोसली में स्कूल में नकली शराब की फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ है। एक्साइज और पुलिस की जॉइंट टीम ने स्कूल की बिल्डिंग से नकली शराब बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। टीम को यहां से शराब की भरी पेटियों के अलावा 1 लाख से ज्यादा होलोग्राम और खाली बोतलें-ढक्कन मिले। इसके अलावा 120 कार और डेढ़ लाख रुपए कैश भी बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक उन्हें सूचना मिली कि पावर हाउस के पास कुछ सालों से एक प्राइवेट स्कूल बंद पड़ा हुआ है। इसे किराए पर दिया गया है. इसमें रेवाड़ी, महेंद्रगढ़ और झज्जर जिला के कुछ लोग शराब की

फैक्ट्री चला रहे हैं. पुख्ता जानकारी हाथ लगने के बाद पुलिस ने एक टीम तैयार की और स्कूल के आसपास निगरानी रखनी शुरू कर दी।

Source: https://haryana.punjabkesari.in/haryana/news/spurious-liquor-factory-was-running-in-the-school-1937581